आंदोलन | जल, जंगल और जमीन को बचाए रखने के लिए जन आंदोलन

# आज उकवा में विशाल आंदोलन और चकाजाम



**नवभारत, बालाघाट।** जिले के उकवा क्षेत्र में प्रस्तावित दादर बाक्साइट ब्लाक खनन के विरोध में क्षेत्रीय नागरिकों,जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से विशाल जनांदोलन, प्रदर्शन और चक्का जाम 12 फरवरी को करने का फैसला किया है। आंदोलन आफिस चौक उकवा में किया जाएगा। आयोजकों ने कहा कि जल.जंगल.जमीन प्राकृतिक संसाधनों तथा धार्मिक मान्यताओं की रक्षा और शासन प्रशासन की कथित दोहरी नीति के विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है।

आरोप है कि ग्राम सभाओं की सहमति लिये बिना पचामा दादर मे बाक्साइट ब्लाक उत्खनन की स्वीकृति प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है,जो संवैधानिक एवं वैधानिक प्रावधानों के विपरीत है।विधायक उईके ने कहा कि पेसा एक्ट 1996 तथा नियम 2022 के नियम 27 के तहत ग्राम सभाओं को वन संसाधन के अधिकार दिये गए हैं। प्रस्तावित खनन क्षेत्र के ग्राम लूद, हिरी, कोंगेवानी, बम्हनी, हर्शनाला,घोंदी, लौगुर, पोला, कंदई सहित 77 ग्रामों को संभावित ग्राम मानते हुए वन अधिकार दिये जाने की बात कही जा रही है। ऐसे में वनाधिकार मान्यता कानून 2006 की धारा 4,5 के अनुसार अधिकार सुनिश्चित किये बिना खनन स्वीकृति एवं जनसुनवाई की तिथि तय करना विधि संगत नहीं बताया गया है।

### लोक जनसुनवाई करायें

जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि ग्राम सभाओं को प्राकृतिक संसाधनों निस्तार धार्मिक मान्यताओं तथा जल.जंगल.जमीन पर संवैधानिक अधिकार पहले सुनिश्चित किये जाएं। इसके बाद ही ग्राम सभाओं की पूर्ण सहमति से प्रस्तावित बॉक्साइट खनन पर लोक जनसुनवाई कराई जाए। संविधान की पांचवी अनुसूची अनुच्छेद 244(1) के तहत अधिसूचित क्षेत्रों में वनों की कटाई सागौन वृक्षारोपण व खनिज उत्खनन पर रोक लगाई जाए। आंदोलन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षणए शुद्ध जलवायुए मृदा संरक्षण एवं जैव विविधता बचाने का बताया गया है।



## देवधर मैदान में तेज गेंदबाज आरपी सिंह का हो रहा आगमन

**बालाघाट।** आल इंडिया देवधर क्रिकेट ट्राफी के मेगा फाइनल में पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर के आगमन की सीरीज में भारतीय टीम के पूर्व आलराउंडर खिलाड़ी आरपी सिंह का आगमन हो रहा है। आज देवधर ट्राफी के सरंक्षक प्रदीप जायसवाल जी ने पूछे जाने पर बताया की अंतराष्ट्रीय खिलाडी के रूप में इस साल गुरुवार 12 फरवरी 26 को इंडिया टीम के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह का आगमन फाइनल मैच में हो रहा है। ज्ञात हो की सन्दीप पाटिल,हरभजन सिंह,विनोद कांबली, नयन मोंगिया,गौतम गम्भीर आदि के बाद अब वारासिवनी में प्रसिद्ध खिलाडी के आगमन को लेकर खेल प्रेमी बेहद उत्साहित नजर आ रहे है।

# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित



**नवभारत, बालाघाट।** सेवानिवृत्त साथियों के हितार्थ एवं कल्याणार्थ प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक सहमत संस्था के कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ए एल मोहारे जिला अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि डा. एस एस बिसेन व रविन्द्र नाथ नरत्ताम के आतिथ्य में में संचालित हुई । बैठक का संचालन अमर सिंह ठाकुर सचिव द्वारा किया गया। बैठक में पेंशनर्सों की लंबित मांगों के निराकरण व प्रदेश की सरकार को दिशा-निर्देश जारी करने माननीय प्रधानमंत्री को पत्र भेजने संबंधी व्यय का अनुमोदन, प्रांतीय संगठन का वर्ष 2026 का सम्बंधता शुल्क भेजने हेतु अनुमोदन, मंड़ला में संभागीय सम्मेलन में पदाधिकारियों द्वारा सहभागिता करने पर हुए व्यय का अनुमोदन, फरवरी माह के अंत में प्रांतीय अधिवेशन में सहभागिता, अगले माह में होने वाले प्रांतव्यापी आंदोलन के संबंध में चर्चा , माननीय कलेक्टर महोदय को पेंशन फोरम की बैठक हेतु पत्र प्रेषित करने के संबंध में एवं कोषालय अधिकारी/पेंशन अधिकारी को पेंशनर्स परिचय पत्र प्रदान करने हेतु पत्र प्रेषित करने के संबंध में चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लेकर सभी प्रस्तावों को पारित किया गया । बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपना परिचय देकर संगठन के प्रति अपना समर्थन व सहयोग देने का संकल्प लिया। अपने अध्यक्षीय उद् बोधन में श्री मोहारे ने मंड़ला और डिंडोरी में आयोजित संभागीय व जिला सम्मेलन के विषय विस्तृत जानकारी दी। पी आर दैशमुख वरिष्ठ सचिव ने सभी पेंशनर्सों साथियों को अपना अपना पी पीओ नं. अपने बचत खाते को पेंशन बचत खाते में व पेंशन बचत खाते को संयुक्त पेंशन बचत खाते में परिवर्तित करने का आग्रह किया। संगठन के आजीवन सदस्य श्री सुरज लाल बोपचे की धर्मपत्नी और कार्यालय सचिव श्री सरजू लाल नखाते की माताजी के निधन पर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित कर बैठक समाप्त की गई। बैठक में चिमन लाल भुजाड़े , हेमराज पटले , रविन्द्र श्रीवास्तव, सी एल पांचें, देवलाल बसेने , पी एल मोहारे , विपीन लाल ठाकरे , एस एल बसेने , हीरालाल मराठे , वाय बी कसबे , एच आर रहांगडाले, पीतम लाल राणा , एस के टेंभरे , मनोज वर्मा, आनंद मोटघरे , जी एल जयसवाल, माखन लाल रजक , चैतराम रहांगडाले, ज्ञानेश्वर पटले , प्रभुलाल कोलबावने , लखन लाल मेश्राम, इठोबा जी तुरकर , धनेन्द्र पटले , एच आर पटले , मोहन आचार्य, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# मर्यादा की महागाथा संगीतमय श्रीराम कथा और महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन



**नवभारत, खैरलांजी।** प्रतिवर्षानुसार जनपद क्षेत्र के ग्राम नवेगांव (ख) में संगीतमय श्रीराम कथा और महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन बहुत उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है।यह धार्मिक आयोजन प्रतिवर्ष नवेगांव (ख) के मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध स्थल नर्मदेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में आयोजित होता है। लेकिन ग्रामीण धर्मप्रेमियों की आस्था में दिनों-दिन इजाफा होने के कारण कथा स्थल इस बार ग्राम पंचायत भवन नवेगांव के समीप देवी चौक के मैदान में आयोजित है। समस्त ग्रामवासियों की ओर से आयोजित श्रीराम संगीतमय कथा में धर्म सम्राट जगदगुरु शंकराचार्य स्वरुपानंद के कृपापात्र पंडित मनीष शुक्ला शास्त्री, परासिया (छिंदवाड़ा) के द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है। जिनके द्वारा कथा वाचन के सभी दिन प्रात: 8 बजे से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन किया जा रहा है। उसके बाद कथा वाचन का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। 8/02/2026 से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में भव्य जल कलश शोभायात्रा और देवपूजन किया गया। कार्यक्रम के संबंध में आयोजको द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम का 16 वॉ वर्ष है। ।जो हर वर्ष और अधिक भव्यता का रुप लेकर आगे बढ़ रहा है। संगीतमय श्रीराम कथा एक दिव्य आध्यात्मिक आयोजन है। जिसमें रामचरितमानस के प्रसंगो को भजनो, सुरीले गीतों और मधुर संगीत के साथ सुनाया जाता है। यह कथा भगवान राम के आदर्श जीवन का वर्णन करती है। यह संगीत के माध्यम से आत्मा को परमात्मा से जोड़ती है।

संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन सात दिनो तक 8 फरवरी से लेकर 15 फरवरी तक आयोजित है। जिसमें सती चरित्र, एवं शिव विवाह महोत्सव, श्रीरामलला जन्मोत्सव, श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव, वन गमन, केवट संवाद, चित्रकूट निवास, राम-भरत मिलाप, सीता हरण, जटायु उद्धार, बाली उद्धार, बाली वध,लंका दहन, सेतु बांध निर्माण, लक्ष्मण शक्ति, मेघनाथ कुंभकर्ण और रावण वध, एवं श्रीराम राज्याभिषेक की संगीतमय प्रस्तुति से आयोजन किया जा रहा है। उसके साथ ही अंतिम दिन 15/02/2026 को महाशिवरात्रि पर्व पर हवन पूर्णाहूति और महाप्रसाद का आयोजन है। यह केवल कथा नहीं बल्कि एक संगीतमय अनुभूति है। जो हृदय को भक्ति से सराबोर कर देती है। रामचरितमानस के प्रसंग संगीत के माध्यम से जीवंत हो उठते है। नवेगांव (ख) के ग्रामीण बताते है संगीतमय श्रीराम कथा के माध्यम से प्रभु राम की लीलाओं का श्रवण करना आत्मिक शांति और सुख प्रदान करता है।

श्रीराम की तपस्या और संघर्ष की सत्य गाथा इस कार्यक्रम के माध्यम से नवेगांव के देवी चौक पर सुर और संगीतमय महागाथा के रुप में श्रृद्धालु देख और सुन रहे है। भगवान श्रीराम की कथा हमारे चरित्र चिंतन को और बदलने वाली है। यदि हम अपने जीवन में कुछ बदलाव नहीं ला पाए तो श्रीराम कथा सुनने का और सुनाने का उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। श्रीराम कथा के माध्यम से व्यक्ति को अपनी बुरी आदतो को बदलने का प्रयास करना चाहिए।

## कृषि मेला के चौथे दिन 'एक जिला-एक उत्पाद' अंतर्गत क्रेता-विक्रेता सेमीनार

**बालाघाट।** कृषि विभाग द्वारा कमला नेहरू सामुदायिक भवन बालाघाट में 08 से 12 फरवरी 2026 तक आयोजित जिला स्तरीय कृषि मेला एवं प्रदर्शनी के चौथे दिन 11 फरवरी को 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत विशेष क्रेता-विक्रेता सेमीनार का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य मोटे अनाज मिलेट्स— ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, कोदो, कुटकी की खेती और भोजन में उनके उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है।

सेमीनार का आयोजन एमपीआईडीसी के तत्वावधान में किया गया, जिसमें कार्यकारी निदेशक श्री अनिल कुमार राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान बालाघाट जिले के प्रसिद्ध चिन्नौर धान के उत्पादन और विपणन को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई। सेमीनार में चिन्नौर उत्पादक किसान, एफपीओ प्रतिनिधि तथा चावल व्यापारी भी शामिल हुए और बाजार में इसकी मांग बढ़ाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

चौथे दिन राष्ट्रीय तिलहन मिशन के अंतर्गत तिलहन कृषि मेला भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे, श्री सत्यनारायण अग्रवाल एवं समाजसेवी श्री नरेंद्र भैराम उपस्थित रहे। विशेषज्ञों द्वारा तिलहन फसलों के महत्व, तेल उत्पादन की विधियों और उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

# महिला एवं बाल विकास विभाग लगा रहा कुपोषित बच्चों हेतु शिविर



**नवभारत,बैहर।** कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास बालाघाट के निर्देशानुसार समस्त चिन्हित कुपोषित बच्चों को फूड बॉस्केट वितरण करने एवं कैम्प आयोजित कर स्वास्थ्य जाँच परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए है। जिसके तहत महिला एवं बाल विकास परियोजना बैहर के परियोजना अधिकारी एवं समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को गोद लेकर फूड बॉस्केट का वितरण किया जा रहा है, एवं गृह भेंट कर अभिभावकों को स्वास्थ्य एवं उचित खान हेतु समझाईस दी जा रही है। स्वास्थ्य जाँच परीक्षण हेतु विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी बैहर द्वारा 10 चिन्हित स्थानों में जहां पर कुपोषण का प्रतिशत अधिक है, उन स्थानों पर निर्धारित तिथिवार कैम्प आयोजित कर अधीनस्थ अमले को आदेशित किया गया है, जिसके तहत निरन्तर स्वास्थ्य जाँच परीक्षण किया जा रहा है।

देवधर ट्राफी | एकतरफा मुकाबले में इटावा ने नागपुर को 168 रनों से हराया

# आज फाइनल में इटावा का जबलपुर से होगा मुकाबला





### आलराउंडर प्रदर्शन करने वाले सत्यम बने प्लेयर ऑफ द मैच

**नवभारत, वारासिवनी।** स्थानीय देवधर मैदान पर बुधवार को खेले गए दूसरे सेमीफाईनल मैच में इटावा ने नागपूर को एकतरफा मुकाबले में 168 रनों से पराजित कर फाईनल में प्रवेश कर लिया है। गुरुवार 12 फरवरी को इटावा का मुकाबला जबलपुर की टीम के साथ होगा। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार इटावा के आलराऊंडर सत्यम सांगे को दिया गया। जिन्होंने पहले तो बल्लेबाजी करते हुए 24 गेंदों में 41 रन की पारी खेली और बाद में गेंदबाजी करते हुए नागपूर की टीम को तहस नहस करते हुए 4 ओवर में मात्र 24 रन देकर नागपूर के 4 विकेट झटके।

सेमीफाईनल मैच में अतिथि के रुप में भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रदीप शरणागत, अधिवक्ता राजेन्द्र कोहाड़, आरएसएस जिला संचालक वैभव कश्यप, विधानसभा प्रभारी भाजपा जितेन्द्र मोहारे, वरिष्ठ पत्रकार आनंद वर्मा, सुधीर शर्मा, विशाल गोखले, आदित्य अग्रवाल, भैयू अग्रवाल, श्याम बोकड़े के साथ पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, पत्रकार सोहन वैद्य सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मैच प्रारंभ होने के पहले अतिथियों ने नागपूर व इटावा की टीम के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। फिर राष्ट्र गान के बाद अतिथि के हस्ते टॉस किया गया। जिसमें इटावा के कप्तान सिद्धार्थ गुप्ता ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

कप्तान सिद्धार्थ गुप्ता द्वारा लिया गया यह फैसला शुरु के दो ओवरों में गलत लग रहा था, जब इटावा की टीम की पारी की शुरुआत में विशेक 4 रन व हर्ष त्यागी 10 रन के रुप में मात्र 18 रन में दो विकेट गिर गए। लेकिन उसके बाद मैदान पर सत्यम सांगू और उज्वल यादव ने रनों की जो बारिश प्रारंभ की, तो नागपूर के गेंदबाजों को सम्हलने का मौका नहीं मिला। सत्यम सांगू व उज्वल यादव ने मैदान के चारों ओर चौकोंव छक्कों की बरसात करते हुए शानदार 97 रनों की साझेदारी की। 115 रनों के योग पर इटावा का तीसरा विकेट सत्यम के रुप में गिरा, जिन्होंने 24 गेंदों में 4 चौके व 2 छक्के की मदद से शानदार 41 रन बनाए। उन्हें स्पिनर आकाश कांबे की गेंद पर प्रथम नागदिवे ने कैच आऊट किया। दूसरी ओर उज्वल लगातार अपनी धुँआधार पारी से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे थे। लेकिन वह भी कांबे की फिरकी की जाल में फॅस गए और आशुतोष सिंग को 154 के स्कोर पर कैच थमा बैठे। उज्जवल ने मात्र 44 गेंदों में 8 गगनचुंबी छक्के व 5 चौकों की मदद से 81 रन बनाये।

एक समय जब लग रहा था कि नागपूर के गेंदबाज इटावा के बल्लेबाजों पर लगाम कस लेगे, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज अर्जुन त्यागी व दिव्यांश राजपूत ने शानदार साझेदारी करते हुए मात्र 3.4 ओवर में 52 रन बना लिए। इटावा का 5 वॉ विकेट 206 रन पर अर्जुन त्यागी के रुप में गिरा। जिन्होंने 17 गेंदों में 3 छक्के व 3 चौकों की मदद से 31 रन बनाये। अंत में दिव्यांश राजपूत 14 गेंद में 5 चौकों व एक छक्के की मदद से नाबाद 34 रन और सिद्धार्थ गुप्ता ने 4 गेंद में एक चौके व एक छक्के की मदद से नाबाद 12 रन बनाकर इटावा का स्कोर 228 रनों तक पहुॅचा दिया।

नागपुर की ओर से आकाश कोम्बे सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 4 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट लिए। देवांश पटेल ने 4 ओवर में 44 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। आशुतोष सिंह ने 4 ओवर में 35 रन देकर एक विकेट, प्रथम नागदिवे ने एक ओवर में 15 रन और रॉबिन सिंह सबसे मॅहगे गेंदबाज साबित हुए, जिन्होंने 3 ओवर में 50 रन दिए। इटावा ने नागपूर को जीत के लिए 229 रनों का लक्ष्य दिया। लेकिन नागपूर की पूरी टीम इटावा के गेंदबाजों के सामने ताश के पत्तों की तरह बिखर गई।










